PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Nai Dunia, New Delhi
Monday 30th November 2015, Page: 7
Width: 10.67 cms, Height: 16.76 cms, a4, Ref: pmin.2015-11-30.35.87

# घर बैठे मंगाओ मेडिसिन और लो डॉक्टर की फ्री सलाह

**ग्वालियर (मप्र)।** हर जरूरत को एप की मदद से पूरी करने वाले स्मार्टफोन और एंड्रॉयड फोन यूजर्स के लिए अच्छी खबर है। क्योंकि उनके लिए गूगल प्लेस्टोर पर ऐसे एप लॉन्च कर दिए गए हैं, जिनसे घर बैठे न सिर्फ मेडिसिन मंगाई जा सकती है, बल्कि ख्यात डॉक्टर की किसी न किसी बीमारी को लेकर सलाह ली जा सकती है। बस यूजर्स को एक प्रोसेस पूरी कर इन एप को अपने मोबाइल में डाउनलोड करना होगा। गूगल पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार इन एप की मदद से किसी मेडिसिन का सब्स्टिट्यूट भी जाना सकता है। इतना ही नहीं जिस मेडिसिन को लेना है, उसका डोज और फायदों की एक लंबी लिस्ट खोजी जा सकती है। कुल मिलाकर इन एप की मदद से मरीज का डॉक्टर के यहां ले जाने तक प्राथमिक उपचार दिया जा सकता है।

## नेटमेड्स

- इस एप की मदद से किसी भी मेडिसिन को घर बैठे एक प्रोसिस फिल कर मंगाया जा सकता है। पेमेंट के लिए नेट कार्ड या नेट बैंकिंग की सुविधा रखी गई है। इस प्रोसिस से मंगाई गई मेडिसिन पर 5 प्रतिशत कैश बैक किया जाता है। अगर मरीज के पास डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन है तो उसे 15 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जाएगा। इसके अलावा बिना प्रिस्क्रिप्शन के 5 प्रतिशत का डिस्काउंट मिलेगा। गूगल प्ले स्टोर से एप को डाउनलोड करने के बाद प्रिस्क्रिप्शन का ऑप्शन यूजर के सामने आता है, इसे भी क्लिक कर मंगाई गई मेडिसिन पर डिस्काउंट पाया जा सकता है। इस एप को सिर्फ एंड्रॉयड यूजर्स की यूज कर सकते हैं।

## मेडीडार्ट

- यह एप भी यूजर्स को घर बैठे मेडिसिन उपलब्ध कराता है। मंगाने वाले यूजर को डिस्कांउट के साथ शॉपिंग से जुड़े फ्री कूपंस मिलते हैं। खरीदारी क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग से की जा सकती है। इसके अलावा कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन भी है। इस एप की मदद से प्रिस्क्रिप्शन को डाउनलोड किया जा सकता है। देश के ख्यात डॉक्टर्स से एक मैसेज पर कॉन्टेक्ट किया जा सकता है। इसका यूज एंड्रॉयड मोबाइल यूजर्स कर सकते हैं।

## 3.1 एमजी

- कुछ लोग सर्दी-जुकाम, सिर, पेट और हाथ-पैर दर्द होने पर मेडिकल स्टोर पर पहुंचकर मेडिसिन ले लेते हैं। लेकिन यह स्थिति खतरनाक हो सकती है। ऐसे में चाहे तो मोबाइल यूजर्स 3.1 एमजी एप की मदद ले सकते हैं। इस पर सभी तरह की मेडिसिन के इफेक्ट और साइडइफेक्ट के साथ, यह भी खोजा जा सकता है कि कौन सी बीमारी में किस मेडिसिन को लेना चाहिए। इतना ही नहीं सभी तरह की मेडिसिन की सब्स्टिट्यूट के बारे में भी विस्तार से जानकारी इसे डाउनलोड करने के बाद ली जा सकती है। एप से मेडिसिन मंगाने पर 15 प्रतिशत डिस्काउंट मिलता है। इसे स्मार्ट, एंड्रॉयड और आईओएस यूजर्स अपने मोबाइल में डाउनलोड कर सकते हैं।

New App for getting medicines & free medical advice.

MSL -